प्रदर्शन — नरसिंहपुर नगरपालिका के सामने पुतला दहन, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

# नगर पालिका की बदहाली के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

**नवभारत/नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर नगर पालिका में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं, जनस्वास्थ्य संकट एवं कर वसूली में हो रही भारी अनियमितताओं के विरोध में आज हस्ट्ठ एवं युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में उग्र प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका कार्यालय के सामने नगर पालिका प्रशासन का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया, इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला कलेक्टर नरसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

NSUI जिला अध्यक्ष ईशान राय एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विवेक पटेल ने कहा कि नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण नरसिंहपुर शहर गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुका है। शहरभर में कचरे के अंबार लगे हैं, नालियाँ जाम पड़ी हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों की भरमार के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और दुर्घटनाएँ हो रही हैं।



## खुले गड्ढे एवं अधूरे कार्य आम नागरिकों की जान के लिए खतरा

कई क्षेत्रों में सीवर लाइन के खुले गड्ढे एवं अधूरे कार्य आम नागरिकों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। सीवर कार्यों के बाद सड़कों की मरम्मत न किया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। नेतृत्व ने यह भी आरोप लगाया कि कर जमा करने की वैध रसीद होने के बावजूद नागरिकों से दोबारा कर वसूला जा रहा है, जो पूरी तरह नियमविरुद्ध है। साथ ही अस्थायी ठेलों एवं फुटपाथ व्यवसायियों से की जा रही कर वसूली में भी भारी अनियमितताएँ सामने आ रही हैं, जिसकी गहन जांच आवश्यक है। इसके अतिरिक्त नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य पर पड़ रहा है। युवा कांग्रेस के अतुल चौरसिया, रोहित पटेल और अंकुर बटरी ने चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका की कार्यप्रणाली में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो संगठन जनहित में नगर बंद करेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्र प्रकाश यादव, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष धनीराम पटेल, डॉ. संजीव चाँदोरकर, जनपद अध्यक्ष कनछेदी पटेल, पार्षद बॉबी खान, नेता प्रतिपक्ष रुद्रेश तिवारी, पार्षद आशीष राजवैध, आनंद चौरसिया, विजय आज़ाद, देवेंद्र शुक्ला, नारायण महोबिया,हेमराज ठाकुर, ऋषि पटेल, जिला महासचिव संजय मेहरा, अंकित पटेल, अनुज चौरसिया, सन्नी केशरवानी, पिंटू वर्मा, राजकुमार पटेल, विशाल राय, संदीप मुदलियार, आज़ाद खान, सुनील श्रीवास्तव, अनूप शुक्ला, अरविंद पटेल, नीरज सिलावट, देवांश पटेल, जीतू रैकवार, निखिल सराठे, समीर खान, गोलू उमरे, कैलाश नोरिया,हर्ष साहू,दीपक चौधरी, यश विश्वकर्मा,कुणाल सिंह कौरव,अजय पटेल,सरफराज खान,दीपक पटेल, अंकित राय, विकास पटेल, प्रियंक दीक्षित, फैसल खान सहित बड़ी संख्या में NSUI एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रेक्टर चालकों की मनमानी के चलते लगा जाम

**नवभारत,गाडरवारा।** इस समय नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह नियमों के विपरित ट्रेक्टर ट्रॉलियो दौड़ते हुये देखी जा रही है। वही निशचित तौर से आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रही है। अधिकांश ट्रेक्टर ट्रॉलियो की सच्चाई इस तरह बनी हुई है कि वह कृषि कार्य के नाम पर अपना पंजीयन कराते हुये उनका व्यवसायिक रूप से उपयोग करते हुये देखे जा रहे है।



मगर इस सच्चाई को परिवहन विभाग द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि जहां इन ट्रेक्टर चालकों के हौसले बुलंद जाते चल जा रहे है। हाल यह बना हुआ है कि नगर के अंदर सड़को पर लोहा सीमेन्ट की ढुलाई करने वाले अनेक ट्रेक्टर ट्राली जहां कृषि कार्य के नाम पर दर्ज होने के बाद भी उनमें ओवर लोडिंग माल भरते हुये शहर के अंदर परिवहन किया जा रहा है। वही इन ट्रेक्टर ट्रॉलियो को चलाने वालों की स्थिति इस तरह होती है कि न तो उनके पास चलाने का कोई लाईसेन्स होता है और न ही किसी तरह का ज्ञान। कभी कभी तो हाल इस तरह से देखनें मिलते है कि 18 साल से भी कम उम्र के किशोरों को सड़को के ऊपर माल भरकर अपने ट्रेक्टर ट्राली दौड़ाते हुये देखा जाता है। वही लोहा परिवहन करने वाले ट्रेक्टर ट्रॉलियो की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि बगैर किसी तरह के सुरक्षा व संकेत के बीच ट्रॉलियो के ऊपर मनमाना लोहा लादकर सड़को से लेकर कॉलोनीयो व कुलियों में प्रवेश करते हुये देखा जाता है। इस तरह प्रशासन की उदासीनता के चलते जहां आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। वही शहर के अंदर जाम के हाल बनते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गुरुवार को नगर के वायपास मार्ग यानि की मरघटा के सामने उस समय देखने मिली जब एक लोहे से लदा हुआ ट्रेक्टर ट्राली तो दूसरा सीमेन्ट से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली के बीच इस तरह का नजारा देखने मिला कि मानों किसी दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रहे हो इसी प्रकार से एक दूसरे को ओवर टेक करने के दौरान जब दोनों ट्रेक्टर ट्राली आपस में टकरा जाने के चलते मुख्य मार्ग से नीचे उतकर फंस जाने के कारण इस राज्य स्तरीय मार्ग क्रमांक 22 पर जाम लग गये। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर फंसे हुये दोनों ट्रेक्टर ट्रालियों के चलते दोनों ओर जहां वाहनों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई तो आम लोग परेशान होते रहे। इस प्रकार काफी देरी के उपरांत जब इन ट्रेक्टर ट्रॉलियो को मार्ग से अलग किया गया जब कही यातायात व्यवस्था बहाल हो पाई। इस तरह प्रशासन की अनदेखी का परिणाम है कि नगर के अंदर से लेकर क्षेत्र के सड़को पर ट्रेक्टर ट्राली चालक जहां खुलेआम तांडव मचाते हुये देखी जा रहे है। वही जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इनके हौसले बुलंद करने में पीछे नहीं रह रही है।



# राष्ट्रीय एकता शिविर की उपलब्धियां साझा कर पूनम चौधरी का हुआ सम्मान

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव समीप श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका पूनम चौधरी का जबलपुर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर से वापस लौटने पर महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। पूनम चौधरी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कैंप में जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक ने पूनम चौधरी की सहभागिता की जमकर सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के शिविर विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना का विकास करते हैं।

# सिविल लाइंस चैंपियनशिप सीजन-3 का शानदार आगाज

**नवभारत,नरसिंहपुर।** सिविल लाइंस चैंपियनशिप 2025, सीजन-3 का भव्य शुभारंभ हुआ। कड़ाके की ठंड के बीच क्रिकेट के प्रति दीवानगी ने मैदान का पारा बढ़ा दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के सुपुत्र एवं लोकप्रिय युवा नेता अनुज प्रताप सिंह रहे।



### खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस दौरान अनुज प्रताप सिंह ने पिच पर जाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, की खेल विरासत का प्रतीक है। ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं। पहला मुकाबला सिविल लाइंस चैंपियनशिप ने ढाका को दी करारी मात टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। ढाका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 8 ओवरों के खेल में ढाका की टीम संघर्ष करती नजर आई और 8 विकेट खोकर मात्र 69 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पी.एल.सी.सी. सिविल लाइंस चैंपियनशिप की टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। सिविल लाइंस चैंपियनशिप के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर चौके-छक्कों की बरसात करते हुए मात्र 5.4 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाकर मैच को एकतरफा अंदाज में जीत लिया।

### खेल प्रेमियों का उमड़ा जनसैलाब

शहर के कई बड़े सामाजिक और खेल आयोजनों का गवाह रहा है, एक बार फिर दर्शकों से ग्राउन्ड खचाखच भरा नजर आया। स्थानीय खेल प्रेमियों का कहना है कि सिविल लाइंस चैंपियनशिप का तीसरा सीजन पिछले दो सीजन की तुलना में अधिक व्यवस्थित और भव्य नजर आ रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में कई बड़ी टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।



# ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती दरबार अजमेर में पेश होगी चादर

**नवभारत,गाडरवारा।** सुल्तान-उल-हिन्द हज़रत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह के 814वें उर्स के मौके पर गाडरवारा में धार्मिक श्रद्धा और सूफियाना परंपरा के साथ छटी शरीफ की फातिहा का आयोजन किया गया। यह आयोजन अलमदार चिश्ती दादा मियां दाढ़ी दरबार, बीजासेन वार्ड में मुजीब खान चिश्ती के निवास पर सम्पन्न हुआ। । गरीब नवाज चौकी पर चादर जियारत, देश की खुशहाली के लिए दुआ की गई । इस अवसर पर गरीब नवाज चौकी पर अजमेर शरीफ के दरबार में पेश की जाने वाली चादर को जियारत के लिए रखा गया। चादर रवाना होने से पूर्व जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, गरीब नवाज चौकी के गद्दी नशीन शेख रहीम चिश्ती, अब्दुल फिरोज खान, महमूद पहलवान, नीतेश भाई, कैलाश, सनी, आशीष रजक आदि सहित अन्य जायरीनों ने चादर की जियारत कर अमन-चैन और तरक्की की दुआएं मांगी।

### एक नजर में



# अटलजी के सपनों को साकार करती कर्मयोगिनियों का हुआ सम्मान

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस- पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर नगर में सेवा और संघर्ष का सम्मान किया गया। समाजसेवी महिला नेत्री स्नेहलता श्रीवास्तव ने कर्मयोगिनी गायत्री बाई और कमला रजक का विशेष रूप से सम्मान किया। इस दौरान स्नेहलता श्रीवास्तव ने कहा कि गायत्री बाई और कमला रजक जैसी महिलाएं समाज की असली नींव हैं, जिन्होंने कठोर परिश्रम और मजदूरी के जरिए अपने परिवार का पालन-पोषण किया और कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। उन्होंने संघर्ष को ही अपनी ताकत बनाया है। श्रीवास्तव ने आगे कहा कि अटल का सपना एक ऐसे भारत का था जहां समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी सम्मानजनक जीवन मिले। ये महिलाएं उसी सपने की सच्ची प्रतिनिधि हैं जिनके साहस और श्रम को हम नमन करते हैं।



# विधायक ने वीर बाल दिवस के अवसर पर त्याग एवं स्वाभिमान से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर स्थित ठाकुर बाबा वार्ड में विधायक महेंद्र नागेश की विशेष उपस्थिति और भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्तागणो ने वीर बाल दिवस के अवसर पर श्रद्धेय गुरु गोविंद सिंहजी के वीर सपूत बाबा जोरावरसिंह एवं बाबा फतेह सिंहजी के अमर बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनकी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किए जाने के साथ-साथ उन्हें याद किया गया साथ ही वही विधायक महेंद्र नागेश ने वीर बाल दिवस के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कब हुई थी इसकी शुरुआत साल 2022 में 9 जनवरी, 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के मौके पर, प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा तभी से हर साल 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस के रुप में मनाया जाने लगा इस दिन कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और इनके बेमिसाल बलिदान को याद किया जाता है, एवं कार्यक्रम में वीर बालकों के साहस, त्याग एवं स्वाभिमान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, नगर पालिका अध्यक्ष, ंडल अध्यक्ष द्वय अंजनी सोनी एवं अभिषेक पटैल विंकल अरोरा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिचोलिए 480 से 650 में बेंच रहे यूरिया

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों यूरिया डी ए पी खाद पाने के लिए किसानों के लिए एक एक बोरी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया ना आ पाने की स्थिति में बिचोलिया सीधा फायदा उठा रहे हैं। उनकी गोदामों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया पड़ा हुआ है जिसके चलते मनमाने दामों में बेच रहे हैं। कहीं 480 रुपए में बोरी और साथ में शीशी तो कहीं 650 में बोरी खुलेआम बेची जा रही है।मजबूर किसान यूरिया पाने के जिस भाव मिल रहा है उसी भाव ले रहे हैं। विगत दिनों ऐसा ही एक नजारा तेंदूखेड़ा में देखने को मिला जहां यूरिया पाने के लिए बड़ी संख्या में किसान एक एक बोरी के लिए एकत्रित हुये थे। वर्तमान में फसलों को खाद की आवश्यकता को देखते हुए किसान मजबूर होकर मनमाने दामों पर खाद खरीद रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को पुरुषोत्तम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया।



# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किया भवन का भूमिपूजन

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर में जनपद पंचायत के नवीन कार्यालय भवन का भूमि पूजन मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शासन द्वारा अटल सुशासन भवन के निर्माण हेतु 525.67 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जनपद पंचायत का यह नवीनतम भवन बेहतरीन साज-सज्जा के साथ आधुनिक और सुसज्जित तरीके से आकार लेगा। इस नए भवन के बन जाने से प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी और आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने इस भवन को सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक महेंद्र नागेश, जिला पंचायत सीईओ नागेश, एसडीएम, तहसीलदार नीरज तखरिया, जनपद पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत अध्यक्ष आरती सतीश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खंगार समाज ने महाराजा खेतसिंह की जयंती मनाई

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तेंदूखेड़ा सहित आस पास की खंगार समाज ने हरसिद्धि मंदिर परिसर में महाराजा खेतसिंह समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित सिद्ध स्थल कल्याण बाबा मंदिर परिसर से एक विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जिसका समापन पंचमुखी हनुमान मंदिर में जाकर संपन्न हुई।



गजानन माता एवं महाराजा खेतसिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुये इस जयंती समारोह में समाज के प्रतिष्ठित जनों अतिथियों के स्वागत उपरांत समाज के प्रतिष्ठित डा महेश सिंह ठाकुर द्वारा महाराजा खेतसिंह जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छठवीं शताब्दी से 16 शताब्दी तक के साम्राज्य चंदेरी और महोबा वंश तथा गुजरात प्रांत के जूनागढ़ से लेकर राजस्थान प्रांत के जावनेर तक की गौरव गाथा झिझोती और बुंदेलखंड के 165 साल के इतिहास को विस्तार से बताया। स्वागत की औपचारिकताओं के साथ मंचाशीन अतिथियों का शाल श्री फल और तलबार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके कृतित्व पर ही पूज्य हुआ करता है। उसका शौर्य पराक्रम संस्कार समाज के प्रति समर्पण ही उचित सम्मान पाता है। हमें ऐसे महापुरुषों से शिक्षा लेनी चाहिए और समाज को संगठित होकर व्याप्त कुरीतियों को उखाड़ फेंकने बच्चों को सुशिक्षित संस्कारवान बनाने की जरूरत है। जयंती अवसर पर नगर के मध्य महाराजा खेतसिंह जी की मूर्ति लगवाने की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि इससे खंगार समाज के साथ साथ अन्य समाजों को भी शिक्षा मिलेगी। नगर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पार्षद अजय गुप्ता ने भी समाज की गौरव गाथा पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला। तथा वरिष्ठ महेंद्र तिजोरी वाले डालचंद पटेल मुकेश पुजारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। तथा पं सूर्यकांत चौबे राजीव अग्रवाल चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव मोहन विश्वकर्मा मंगेश श्रीवास्तव प्रमुख रुप से मंचाशीन रहे।

# साईखेड़ा के सांदीपनी शास. उत्कृष्ट विद्यालय में सृजन उत्सव

## बच्चों के नवाचार और कला ने मोह लिया सबका मन

**नवभारत,साईखेड़ा।** स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में बीते दिन विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सृजन कला, कौशल और नवाचार का संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, कला और संस्कृति के विभिन्न रंगों को प्रदर्शित कर अपनी रचनात्मकता का लोहा मनवाया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय युवा नेता अनुज प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ नेतागण और जन-प्रतिनिधि भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अनुज प्रताप सिंह ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना की और इसे ग्रामीण प्रतिभा के उत्थान के लिए एक मील का पत्थर बताया। विज्ञान और कला का अनूठा संगम कार्यक्रम की शुरुआत नवाचार प्रदर्शनी से हुई, जिसमें नन्हे वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर आधारित बेहतरीन वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। इसके पश्चात अतिथियों ने कला वीथिका का भ्रमण किया। यहाँ विद्यार्थियों ने कैनवस पर ग्रामीण परिवेश की सुंदरता और आधुनिक भारत की सोच को अपनी पेंटिंग्स और रंगोली के माध्यम से जीवंत कर दिया था। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां दोपहर के सत्र में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने सुरों और ताल की जुगलबंदी पेश की। लोक नृत्य के माध्यम से जहाँ क्षेत्रीय संस्कृति की झलक देखने को मिली, वहीं नाटकों के जरिए सामाजिक संदेश भी दिए गए।

### प्रतिभाओं की सराहना

मंच से बोलते हुए अतिथियों ने कहा कि सृजन जैसे आयोजन विद्यार्थियों के भीतर छिपे आत्मविश्वास को बाहर लाने का सबसे उत्तम माध्यम हैं। युवा नेता अनुज प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शासकीय विद्यालय के बच्चों में अद्भुत क्षमताएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को शायराना और प्रेरणादायक बताया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# शिक्षा के पंख - 26 छात्राएं और 33 छात्र को मिलीं नि :शुल्क साईकिलें

**नवभारत,गोटेगांव।** शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शासकीय सांदीपनी विद्यालय, गोटेगांव में भव्य साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 59 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। इनमें 26 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे, जिन्हें अब स्कूल आने-जाने में सुगमता और सुविधा होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विद्यार्थियों को सुगम और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी शिक्षा की राह में कोई बाधा न आए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और अनुशासन के साथ उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह पटेल और नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर ने भी शासन की इस योजना को विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के दौरान अंजनी सोनी, श्रद्धा पंकज चौकसे सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।